प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेशविधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से शुरू : मुख्यमंत्री ने विपक्ष से सार्थक चर्चा करने का किया आह्वान, कल पेश होगा अनुप्रक बजट।
2. लखनऊ में आज से ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक का हुआ शुभारंभ : सांख्यिकी के प्रसार और प्रणालियों में नवाचार से आपसी सहयोग को बढावा देने पर दिया गया जोर।
3. सावन माह के पहले सोमवार पर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भोड : वाराणसी में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर की गई पुष्प वर्षा।

और

4. प्रदेश के कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने जताया अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन विधानसभा में वर्तमान विधानसभा के सदस्य रहे आलम बदी के निधन पर शोक जताया गया। इसके साथ ही 21 पूर्व सदस्यों को भी श्रद्धांजलि दी गई। सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते 9 वर्ष में संवाद और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा करने के बाद बनी योजनाओं के माध्यम से ही सरकार बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चा और सुझावों पर काम कर सरकार आज उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदल सकी है और इसे रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बनना संभव हो सका है। श्री योगी ने कहा कि इस बार भी सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि सदन के समय का बेहतर उपयोग करते हुए हर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर सदन में चर्चा की जाए। बाइट.....

*इस प्लेटफार्म का बेहतर उपयोग हो यह बीजेपी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार की सदैव से प्राथमिकता रही है और डबल इंजन की सरकार इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य भी कर रही है। पिछले नौ वर्षों में इसी संवाद से जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा करने के उपरांत बनी हुई योजनाओं के माध्यम से ही हम प्रदेश में कुछ बेहतर करने का प्रयास कर पाए हैं। उत्तर प्रदेश के परसेप्शन को बदलने में, आमूलचूल परिवर्तन करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है।*

इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार एक से डेढ़ सप्ताह में आउटसोर्स कमीशन को लागू करने के साथ ही न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने जा रही है। कल सदन में अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

उधर, विधान परिषद में समाजवादी पार्टी सदस्यों ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता का मुद्दा उठाया। जवाब में नेता सदन और उप मुख्यमंत्री केशव

प्रसाद मौर्य ने सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने पर सपा के सदस्यों ने वेल में आकर नारेबाज़ी की। विधान परिषद में प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की तरह ही सेवानिवृत्त शिक्षकों औऱ कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिए जाने का मुददा भी उठा। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार जनहित के कार्यों को लेकर प्रतिबद्ध है और इस मुदे पर विचार करगी। बाइट.....

*शिक्षकों के लिए हमारी सरकार ने इस बीच माननीय सभापति जी काम किया है। कैशलेस सहित, शिक्षा मित्रों सहित, अनुदेशकों सहित इतने बड़े बड़े कदम उठाए हैं। कोई भी अगर छूटा होगा तो मैं आपके माध्यम से जरूर कहना चाहता हूं कि इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा करके हम लोग कोई छूटे ना, कोई रूठे ना, कोई टूटे ना इस लक्ष्य में काम कर रहे हैं।*

———————————

लखनऊ में आज से ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक शुरू हो गयी है। उद्घाटन सत्र के दौरान ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के एनएसओ प्रमुख मौजूद रहे। बैठक में ब्रिक्स संयुक्त सांख्यिकी प्रकाशन, जेएसपी–2026 का मसौदा और इसका संक्षिप्त संस्करण भी जारी किया गया। बैठक में सांख्यिकी व कार्यक्रम कायान्वयन मंत्रालय के सचिव और ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक के अध्यक्ष डॉ. सौरभ

गर्ग ने राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों के आधुनिकीकरण, प्रशासनिक डेटा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के उपयोग और गोपनीयता मानकों को बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी के आदान–प्रदान और साझा अनुभवों के माध्यम से ब्रिक्स देशों का उद्देश्य डेटा की कमी को दूर करना, साक्ष्य–आधारित निर्णय लेना और भविष्य के लिए लचीली सांख्यिकी प्रणालियां बनाना हैं। सभी देशों ने ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक के तहत सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में प्रशासनिक डेटा की क्षमता और विकसित होते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में एआई की तैयारी विषय पर दो विशेष सह–कायक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

——————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज ग्रेटर नोएडा में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के साथ देश प्रगति के पथ पर है। आज उत्तर प्रदेश का कायाकल्प हो चुका है। दुनिया भर की बड़ी कंपनियां नाएडा में निवेश कर रही है। बाइट.....

*बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री जी ने गरीबों को पर पर खड़ा करने का काम किया है। उसे भी हमें याद रखने की आवश्यकता है। नागरिक*

*बेमतलब पहले पीछे भागता था आज व्यवस्था नागरिक तक पहुंच रही है, ऐसी हमारी सरकार की व्यवस्था है।*

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज आगरा के डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में 64 मेधावी विद्यार्थियों को 88 पदकों से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल शासन प्रणाली नहीं बल्कि जीवन जीने का एक मूल मंत्र दिया जहां प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर ज्ञान को केवल व्यक्तिगत सफलता का साधन न मानें, बल्कि समाज और राष्ट्र की सवा का माध्यम बनें।

——————————

सावन माह के पहले सोमवार पर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाबा के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए कतारों में लगे हैं। प्रदेश सरकार ने वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, बागपत, कानपुर, आगरा और संभल सहित कई जिलों में सुरक्षा, सफाई, पेयजल और आवागमन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। भगवान राम की नगरी अयोध्या में भोर से ही श्रद्धालु सरयू में स्नान कर प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल, बैरिकेडिंग और निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रयागराज में शिव भक्ति के साथ नारी शक्ति की भी बड़ी सहभागिता देखने को मिल रही है, जहां बड़ी संख्या में महिला शिवभक्त गंगा–यमुना का जल लेकर काशी के लिए प्रस्थान कर रही हैं। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया है। यहां बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया है और श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की गई। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सावन के प्रथम सोमवार पर धर्मनगरी काशी पूरी तरह शिवमय हो उठी। तड़के ब्रह्म मुहूर्त से ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वेश्वर के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हर–हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। गंगा द्वार से बड़ी संख्या में कांवड़िए, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे कतारबद्ध होकर बाबा के दरबार में पहुंच कर दर्शन और जलाभिषेक कर रहे हैं। डाक बम कांवड़ियों के लिए अलग लेन तथा भदोही से वाराणसी तक एक लेन कांवड़ यात्रा के लिए*

*सुरक्षित रखी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए वीआईपी प्रोटोकॉल भी स्थगित रखा गया है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 4 अगस्त से 12 अगस्त तक अवकाश घोषित कर दिया है। यह निर्णय कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

———————

चेहल्लूम के मद्देनज़र बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूलभुलैया जैसे लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल आम पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। हुसैनाबाद और सम्बद्ध ट्रस्ट ने इससंबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

———————

बीते 24 घंटो में प्रदेश के कई जनपदों में मध्यम से भारी बारिश हुई। भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा खतर के निशान से ऊपर बह रही है। फर्रुखाबाद में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा औऱ बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जनपदों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)